19/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्रोएशिया की अपनी ऐतिहासिक और पहली आधिकारिक यात्रा पूरी कर ली है। प्रधानमंत्री ने मध्य और दक्षिण-पूर्वी यूरोपीय देश की अपनी एक दिवसीय यात्रा के दौरान **बैंस्की ड्वोरी** में अपने क्रोएशियाई समकक्ष **आंद्रेज प्लेंकोविच** के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की व्यापक वार्ता की। प्रधानमंत्री मोदी ने संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान की पुरजोर वकालत करते हुए कहा कि यूरोप हो या एशिया, युद्ध के मैदान में समाधान नहीं खोजा जा सकता। उन्होंने कहा कि बातचीत और कूटनीति ही आगे बढ़ने के लिए एकमात्र व्यवहार्य मार्ग हैं।

0000000000000000000000

सरकार ईरान से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है और भारतीय मिशन के सदस्यों को लेकर एक और उड़ान आज पहुंचने की उम्मीद है। इससे पहले, उत्तरी ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्र नई दिल्ली पहुंचे। नई दिल्ली में मीडिया से बात करते हुए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि सरकार को ईरान में भारतीय नागरिकों की निकासी के लिए 350 से अधिक अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

0000000000000000000000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भारत की भाषाई विरासत को पुनः प्राप्त करने और देशी भाषाओं पर गर्व के साथ दुनिया का नेतृत्व करने का समय आ गया है। नई दिल्ली में एक पुस्तक विमोचन के अवसर पर बोलते हुए श्री शाह ने कहा कि देश की भाषाएँ इसकी संस्कृति के रत्न हैं। भारत की सांस्कृतिक पहचान और इतिहास को और मजबूत करने में भारतीय भाषाओं के महत्व पर जोर देते हुए श्री शाह ने विश्वास व्यक्त किया कि वे 2047 तक देश को वैश्विक स्तर पर प्रमुखता प्रदान करेंगी।

0000000000000000000000

आगामी इक्कीस जून 2025 को भारत सहित पुरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होने जा रहा है। और इसीलिए, आप भी आगे आएं और योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं।

**Yoga Jingle**

0000000000000000000000

सरकार देश भर में आदिवासी समुदायों के जीवन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने की दिशा में काम कर रही है। आकाशवाणी समाचार के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि उनके मंत्रालय ने पिछले 11 वर्षों में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों को लागू किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आदिवासी समुदाय पीछे न छूटे।

0000000000000000000000

राज्य विधानसभा अध्यक्ष तेसाम पोंगते ने आज राजभवन, ईटानगर में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक से मुलाकात की। उन्होंने राज्य विधानमंडल की उभरती भूमिका और राज्य के विकास एवं शासन में इसके योगदान पर चर्चा की। राज्यपाल ने विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स के एकीकरण और विधानसभा को पूरी तरह से कागज रहित प्रणाली में परिवर्तन की प्रशंसा की। बैठक के दौरान, अध्यक्ष ने राज्यपाल को विधानसभा के स्वर्ण जयंती समारोह की तैयारियों से अवगत कराया।

0000000000000000000000

बुधवार को चोंगखाम में जल संसाधन विभाग (डब्ल्यूआरडी) के उप-विभागीय कार्यालय और वाकरो में जूनियर इंजीनियर के कार्यालय का उद्घाटन करते हुए उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने राज्य में तेजी से विकसित हो रहे आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए एक मजबूत और उत्तरदायी प्रशासनिक ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, **रिवाइज़्ड एस्टिमेट स्कीम** के तहत वित्तपोषित, नए कार्यालय भवनों से समन्वय बढ़ाने, क्षेत्र सर्वेक्षणों को सुव्यवस्थित करने और दूरदराज के स्थानों में काम करने वाले डब्ल्यूआरडी कर्मियों का मनोबल बढ़ाने की भी उम्मीद है।

0000000000000000000000

भारतीय सेना ने अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर भर्ती के लिए **ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन** के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। यह परीक्षा 30 जून से देशभर के विभिन्न केंद्रों पर शुरू होंगी।

अपर असम के जिलों और अरुणाचल प्रदेश के सभी जिलों के उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट www.joinindianarmy.nic.in से अपने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परिक्षा के दिन, उम्मीदवारों को प्रवेश के लिए एक प्रिंटेड एडमिट कार्ड सहित एक वेलिड फोटो आईडी साथ लानी होगी।

0000000000000000000000

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व शिक्षा मंत्री बोसीराम सिराम को अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (APCC) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वे वर्तमान अध्यक्ष नाबाम तुकी की जगह लेंगे। श्री सिराम की नियुक्ति कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की है। इससे पहले वे APCC के कार्यकारी अध्यक्ष का पद संभाल रहे थे।

0000000000000000000000

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), दापोरिजो ब्रांच ने नीट यूजी 2025 में राज्य में टॉप करने पर अपर सुबनसिरी की **तुमी हिना** की सराहना की है। चीफ़ मैनेजर ताशी नुंगनू के नेतृत्व में एसबीआई, दापोरिजो ब्रांच की एक टीम ने तुमी हिना से मुलाकात की और सराहना के प्रतीक के रूप में उन्हें एफडी के माध्यम से 10,000 रुपये भेंट किए।

0000000000000000000000

और ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के छः जिलों वेस्ट कामेंग, पापुम पारे, सियांग, ईस्ट सियांग, अंजाव और लोहित के लिए ऑरेंज अलर्ट साथ ही अन्य सभी जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गीरने और बहुत तेज बारीश होने कि संभवना है।

0000000000000000000000